हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



# समीक्षा बैठक में बवाल, प्रत्याशियों ने कहाः हमें भाजपा नहीं, कांग्रेस नेताओं ने हराया

## भीतरघात पर भड़के प्रत्याशी, नेताओं पर निकाली भड़ास, बैठक में जमकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में हार की समीक्षा और प्रत्याशियों से शिकायतें सुनने आयोजित की गई समीक्षा बैठक के दौरान हारे हुए प्रत्याशियों ने जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने अपनी हार को लेकर गुटबाजी करने वाले कांग्रेस नेताओं पर हार का ठिकरा फोड़ा। पराजित प्रत्याशियों ने यहां तक कह दिया कि उन्हें भाजपा ने नहीं, बल्कि कांग्रेस नेताओं ने भीतरघात करके हराया है। बैठक के दौरान जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुआ और विवाद के साथ-साथ मारपीट की स्थिति निर्मित होती रही।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव में मेयर सहित 43 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों की करार हार के बाद कांग्रेस संगठन ने गुरुवार को सतनाम भवन में समीक्षा बैठक आहूत की थी। इस बैठक में राजनांदगांव शहर कांग्रेस के प्रभारी बृजेश शर्मा, गिरीश देवांगन, शाहिद भाई, धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुलबीर सिंह छाबड़ा, हेमा देशमुख, आसिफ अली सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में वार्ड चुनाव में जिन प्रत्याशियों की हार हुई, उन्होंने जमकर भड़ास निकाली। प्रत्याशियों का कहना था कि चुनाव में उन्हें वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कोई सहयोग नहीं मिला। कई बड़े नेताओं ने वार्ड में आकर निर्दलीय प्रत्याशियों की खुलेआम मदद भी की। यही नहीं उन्होंने यह भी कह दिया कि उसे भाजपा ने नहीं हराया है, बल्कि उन्हें कांग्रेस नेताओं ने खुलाघात कर नुकसान पहुंचाया है।

### मारपीट की स्थिति निर्मित

बैठक में वार्ड चुनाव हारने वाले एक प्रत्याशी के साथ कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के बीच मारपीट की भी स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि पराजित प्रत्याशी ने बैठक में जैसे ही उस कार्यकर्ता को बैठा देखा तो उन्होंने उसे बैठक से भी भगा दिया। इस बीच मारपीट जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी। बैठक में महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने कहा कि ईवीएम के सेट होने के कारण उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।



### वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखेंगे मामले

बैठक में बहुत सारी बातें सामने आई है, इसकी विस्तृत समीक्षा की है। सभी बातों को वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखकर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कुछ शिकायतें हैं। लिखित में शिकायत ली गई है। - **बृजेश शर्मा**, प्रभारी, शहर कांग्रेस

### वीडियो कराया डिलीट

कांग्रेस की समीक्षा बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने विवाद की स्थिति का वीडियो भी बनाया, जिसे डिलीट कराया गया। हार की समीक्षा करने पहुंचे कांग्रेस के आला नेताओं ने प्रत्याशियों को एक-एक कर बोलने का मौका दिया, लेकिन उनकी बातें बीच में ही रोकी जा रही थी। कांग्रेस के समीक्षा बैठक में शिकायत करने वाले प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं से लिखित में शिकायत मांगी गई है।

### माहौल बिगड़ता देख निकले नेता

समीक्षा बैठक के दौरान अपनी हार को लेकर कांग्रेस नेताओं पर आक्रोश व्यक्त कर रहे प्रत्याशियों के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए कांग्रेस के आला नेता बैठक से बाहर निकल गए। सूत्रों ने बताया कि बैठक को लेकर शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश डाकलिया और शहर जिला प्रभारी बृजेश शर्मा के बीच भी नोकझोंक हुई है।

### पूर्व महापौर पर हराने का आरोप

वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी के देवर ने कांग्रेस की पूर्व महापौर हेमा देशमुख और उनके पुत्र पर कांग्रेस प्रत्याशी को हराने का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामला बढ़ता देख शहर कांग्रेस प्रभारी को बीच-बचाव में उतराना पड़ा। हार से नाराज एक प्रत्याशी द्वारा पूर्व महापौर हेमा देशमुख और उनके पुत्र के खिलाफ बोर्ड लगाकर आक्रोश व्यक्त किया गया।

---

## सुबह से ग्रामीणों की उमड़ी मतदान केंद्रों में भीड़

# पोलिंग बूथों में लगी रही कतार 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में ग्रामीण मतदाताओं में मताधिकार को लेकर अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। अविभाजित जिले के तीन ब्लॉको में गुरुवार को हुए मतदान को लेकर सुबह से पोलिंग बूथों में मतदाताओं की कतार दिखाई दी। कई ऐसे भी बूथ रहे, जहां दोपहर तीन बजे के बाद भी वोटिंग हुई। अविभाजित जिले में करीब 80 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को राजनांदगांव जिले के छुरिया, मोहला-मानपुर-चौकी जिले के मोहला और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ ब्लॉक में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। अविभाजित जिले में जिला पंचायत सदस्य की 11 सीट, जनपद की 65, सरपंच की 284 और पंच की 2923 सीटों के लिए मतदान हुआ। मतदान को लेकर आज सुबह से ही गांवों में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। यहां सुबह से ही बूथों में मतदाताओं की कतार लगी रही। कुछ गांव में मतदान केंद्रों में लगी कतार के कारण दोपहर तीन बजे के बाद भी वोटिंग जारी रही। सूत्रों ने बताया कि खैरागढ़ ब्लॉक में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। वहीं राजनांदगांव में भी 85 फीसदी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया गया है। इधर मोहला ब्लॉक में भी 88 फीसदी मतदान होने की खबरें सामने आ रही है।



### महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

पंचायत चुनाव में महिला मतदाताओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकांश बूथों में पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की कतार ज्यादा दिखाई दी। तीनों जिले में महिला मतदाताओं द्वारा अधिक मतदान किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। महिलाओं की वोटिंग ही इस चुनाव में हार और जीत तय करेगी।

### नम्रता, किरण आगे

जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव आगे चल रहे है। वहीं मोहला सीट से जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह काफी बड़े अंतर के साथ लीड कर रही है। गोटाटोला जिला पंचायत सीट से लखन कलामे भी अपने प्रतिद्वंदियों से आगे चल रहे है। इधर खैरागढ़ जिले की जालबांधी सीट से शताक्षी सिंह आगे चल रही है।

### मतगणना के साथ छलका उत्साह

दोपहर तीन बजे तक मतदान निपटने के बाद करीब साढ़े तीन बजे से वोटों की गिनती का दौर शुरू किया गया। शाम होते ही गांवों में परिणाम भी सामने आने शुरू हो गए थे। मतगणना के बाद गांवों में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर उत्साह भी मनाया। कुछ गांवों में देर रात तक गिनती जारी होने से अभी तक विस्तृत परिणाम सामने नहीं आ पाए हैं।

### मतदान के बाद गिनती शुरू

मतदान प्रक्रिया निपटने के बाद देर शाम सभी मतदान केंद्रों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के वोटो की गिनती शुरू हो गई है। पंच एवं सरपंच पद की मतगणना के बाद देर रात को विजयी प्रत्याशियों के नाम सामने आये। कल 21 फरवरी को जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य सीटों के सारणीकरण के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे।

---

## जनपद की कुर्सी हथियाने जोड़-तोड़ की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिन जनपदों में चुनाव हो चुके हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, ऐसे में जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होने के लिए राजनीतिक दलों ने जोड़-तोड़ शुरू कर दी है, जहां जनपद सदस्यों से सतत संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बैठकें लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

ज्ञात हो कि मानपुर, राजनांदगांव एवं छुईखदान क्षेत्र में जनपद के लिए चुनाव संपन्न हो चुके हैं। परिणाम भी आ चुके हैं। इस इसके बाद आगे जनपद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर काबिज होने के लिए राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशियों ने जीतकर आए जनपद सदस्यों से मेल-मुलाकात शुरू कर दी है। वहीं बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। जिससे रणनीति बेहतर बन सके।

**संवाद और बैठकों का दौर**

बताया गया कि भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी जनपद सदस्य निर्वाचित लोगों से संवाद एवं बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। रणनीति के तहत कई जनपद सदस्यों को पिकनिक टूर में ले जाने की भी तैयारियां की जा रही है। दूसरी ओर जनपद सदस्य निर्वाचित लोगों में भी इन दिनों व्यस्तता का आलम बना हुआ है।

---

# गांव की महिलाओं का हाथ पकड़ा, प्रधान पाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक की गुणवत्ता को सुधारने के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है। वहीं बच्चों की पिटाई करने वाले, स्कूल में शराब पीकर आने वाले, शाला आने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कड़ा एक्शन लेकर लगातार निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच गांव की महिलाओं पर बुरी नजर से छेड़छाड़ करने वाले एक प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई करते शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शासकीय प्राथमिक शाला खपरीचमार गांव में पदस्थ प्रधान पाठक राकेश कुमार जांगड़े के खिलाफ गांव की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच में लगातार गांव की महिलाओं पर बुरी नजर रखते हुए गांव की महिला का हाथ पकड़कर बुरी नियत से शारीरिक दुर्व्यवहार किया जाना पाया गया। अपने पदीय कर्तव्यों के पालन में अनुशासहीनता, अशिष्टता से कार्य करना, अशोभनीय कृत्य को प्रदर्शित करने के मामले में उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण सहिता अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया नियत किया गया है।

### शिक्षकों की अशोभनीय कृत्य पर लगातार कार्रवाई

शाला में शिक्षाकों के आचरण को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर बना हुआ है, कार्य में लापरवाही के साथ ही शिक्षकों के अशोभनीय कृत्यों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा लगातार मामलों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच उपरांत ऐसे शिक्षकों को निलंबित किया जा रहा है। इससे पहले भी एक शिक्षक द्वारा महिला समूह की महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने के मामले में शिक्षक को निलंबित किया गया था।

---

# महिला से गाली-गलौज कर जड़ा थप्पड़, अपराध दर्ज

- महिला ने थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट


हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी थाना अंतर्गत किसी बात को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीडिता ने 19 फरवरी को ग्रामीणों के साथ थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता औंधी स्थित यादव होटल में बैठी थी, तभी नशे की हालत में आरोपी राजेश मेश्राम होटल में आकर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज करते थप्पड़ जड़ दिया। जिसका बीच-बचाव करने आए व्यक्ति को भी गाली-गलौज करने लगा।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर धारा 296, 115 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजेश मेश्राम की तलाश जारी है।

**0 राजनांदगांव।** ग्राम पेंडरी में सद्गुरू कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत विदेश मोरिशस से कबीर पंथ अनुवायी पूज्य संत महंतों का जत्था 21 फरवरी को आगमन होगा। विदेश मोरिशस से पधारने वाले महंत साहेब में परम पूज्य महंत डॉ. श्याम दास साहेब कबीर मंदिर बोने टेरे वाकोअस मांरिशस, महंत गिरिजानंद अंगोतीया ग्लेन पार्क वाकोआस मारिशस, पूज्य श्री नलिनी बाइचू एवेन्यू रेमी फीनिक्स मारिशस, पूज्य श्री रीता देवी सुंगकुर हाइलैंड्स रोड फीनिक्स मारिशस से कबीर दर्शन यात्रा हेतु भारत आगमन होगा।









## खबर संक्षेप

### कालेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में राजनीति विज्ञान विभाग ने अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय फ्राम हार्डवेयर टू द क्लाउड था। मुख्य अतिथि दीपांशु यादव अतिथि व्याख्याता, कम्प्यूटर सांईस ने इस विषय पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा, शेषराम गोरे अतिथि शिक्षण सहायक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। श्री यादव ने व्याख्यान में हार्डवेयर से लेकर क्लाउड कम्प्यूटिंग के विकास और इसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्लाउड कम्प्यूटिंग के लाभों और चुनौतियों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने कहा कि इस तरह के व्याख्यान छात्रों के ज्ञानवर्धन में सहायक होते हैं और उन्हें नए विषयों को जानने का अवसर मिलता है। अंत में विभागाध्यक्ष श्री वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने मुख्य अतिथि से कई प्रश्न पूछे।

### धूमधाम से मनी छत्रपति शिवाजी की जयंती




**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि भिक्खुनी माताजी थी। उन्होंने बताया कि मुगलों के शासन को हिलाने वाले शिवाजी महाराज शौर्य, स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने स्वराज्य का सपना देखा और साकार भी किया। अनिल लांडगे ने गीतो के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान को बताया। मुख्य वक्ता अमिताभ दुफारे ने बताया कि शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों की सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, करण नंदेश्वर, दीपक कुंभलवार, श्री गोंडाने, संगम नागदेवे, मनीष बडोले, पंचकुला सहारे, ममता चिचखेडे, प्रभा चंद्रिकापुरे, उर्मिला मेश्राम, चांदनी सहारे आदि शामिल हुए।

### कांग्रेस नेता को भेजा जेल

**घुमका।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा आ दशीराम वर्मा के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। कांग्रेस नेता वर्मा की पत्नी निर्मला वर्मा ग्राम पंचायत बोटेपार में सरपंच पद की उम्मीदवार थी। इस चुनाव में निर्मला वर्मा को पराजय का सामना करना पड़ा। परिणाम आने के बाद श्री वर्मा ने अपने चचेरे भाई संतोष वर्मा को हार के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर मारपीट किया था। घटना की रिपोर्ट थाना घुमका में मंगलवार को दर्ज कराया गया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी चंद्रशेखर वर्मा को शांति भंग की धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए तहसील न्यायालय में पेश किया। उन्हे जेल भेजने का आदेश पारित किया गया।

### कार्यशाला में बताया, रिसर्च लेखन कैसे करें



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में पीएम उच्च शिक्षा अभियान के तहत आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवोन्मेषी शोध प्रविधि विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन के क्रम में 14 फरवरी को रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग पर इंजीनियरिंग महाविद्यालय भिलाई इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती शामिल हुए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने बताया कि डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती इसी महाविद्यालय के छात्र रह चुके हैं। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि शोध प्रतिवेदन लिखना थोड़ा कठिन किन्तु लेखन का तरीका ऐसा होना चाहिए जो आसानी से समझ आए। रिसर्च की मार्केट वैल्यू अधिक है। रिसर्च में विद्यार्थी कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि नया सीखने की ललक हो तो हम असंभव को संभव कर सकते हैं। रिसर्च पेपर का प्रस्तुतीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अंत में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. आरआर कोचे ने शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला। संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन डॉ.आशा चौधरी ने किया।

### विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**खैरागढ़।** पीएमश्री डॉ पपु बक्शी शास उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम विद्यालय विक्टोरिया स्कूल में छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एनसीएसटीसी व सीजीओएसटी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक जनवरी से विभिन्न कार्यक्रम अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान चित्रकला और विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 28 फरवरी तक चलने वाले आयोजन में डीईओ लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले के दोनों ब्लाक खैरागढ़ व छुईखदान से विज्ञान मॉडल एकल में 26 और विज्ञान मॉडल समूह में 37, विज्ञान चित्रकला में 54, विज्ञान क्विज में हाई व हायर सेकंडरी स्कूल की 17 टीम सहित पूर्व माध्यमिक विभाग की 8 टीमों ने भाग लिया है। जिला नोडल अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया की उक्त आयोजन का परिणाम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम तहत विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 130 शिक्षकों ने भागीदारी दी। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में रसीदा खान, अशोक जंघेल और प्रतिभा सिंह, क्विज प्रतियोगिता में राम्हिन और विष्णुदास जोशी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे, आत्माराम साहू, शिरिष पांडेय, किरण सिंह, अनुराग सिंह, सुनील गुनी, आशीष मिश्रा, सायरा कुरैशी, अनिल पुलस्त्य, डीडी टंडन, हिमांशु देवांगन, सौरभ सोनी, नरेन्द्र निषाद, रवि, बंशीलाल वर्मा सहित विभिन्न स्कूलो के विज्ञान शिक्षक उपस्थित थे।

### निधन



**सविता गणवीर**

**डोंगरगढ़।** सविता गणवीर का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक, पारिवारिकजन शामिल हुए।

## गांवों में चुनावी सरगर्मी उफान पर, प्रत्याशी लुभा रहे मतदाताओं को

# तीन निर्विरोध निर्वाचित, 73 सरपंच के लिए 291 उम्मीदवार उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रचार अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। प्रत्याशी डोर टू डोर प्रचार के बाद नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनता के बीच अपनी बात रख रहे हैं। वहीं आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां कर लिया है।




जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाली 76 में से 73 ग्राम पंचायत में आगामी 23 फरवरी को सरपंच चुनने के लिए मतदान होगा। सरपंच पद के लिए 291 उम्मीदवार मैदान में है। जानकारी के अनुसार ग्राम मचानपार, भटगुना और करमतरा में इस पद के मात्र एक के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इसी तरह 76 पंचायत के 431 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। 626 पद के लिए चुनाव होना था किन्तु ग्राम पंचायत के पंच झपद के उम्मीदवार का निधन होने के बाद 625 पद के लिए मतदान होगा। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के 20 सदस्य के लिए 75 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### भ्रम फैला रही निर्दलीय



जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रं 5 अर्जुनी की कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रीता नाहटा के पति और निवर्तमान जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने निर्दलीय प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए अर्जुनी सीट को मुक्त रखने के संबंध में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। सिंगारपुर में नुक्कड़ सभा में श्री नाहटा ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि क्षेत्र में राजनैतिक भ्रम फैलाने वाले घूम रहे हैं, जिससे सबको सावधान रहना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रीता नाहटा को अधिकृत किया है। इस दरम्यान रीता नाहटा ने पूर्व व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक दलेश्वर साहू के कार्यों को गिनाते हुए लोगों से समर्थन मांगा। इस मौके पर गणेश साहू, मुरली निषाद, दीबिका साहू, सुशीला साहू आदि मौजूद थे।

### जागृति पहुंची गांव-गांव



जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 की भाजपा अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु ने सांगिनकछार, विचारपुर नवांगांव, तिलईरवार, अड़ाम सहित अन्य गांव में अपने समर्थकों के जाकर जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू होकर बीते पांच साल में कराए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है अब ग्रामीणों को विकास और निर्माण कार्य के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद वह गांव और ग्रामीणों को हर सुविधा मुहैया कराने का उच्च स्तरीय प्रयास करेंगी। उन्होंने डोर टू डोर जाकर लोगों ने समर्थन और आशिर्वाद मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, पुरूष और युवा मौजूद थे जिन्होंने उनका जोशीला स्वागत किया।

### विधायक पहुंचे आसरा क्षेत्र



विधायक दलेश्वर साहू कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों के प्रचार में जुट गए है। उन्होंने गत दिनों जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा के अधीन आने वाले ग्राम माथलडबरी, कोहका, बगदई, मोहड़ सहित अन्य गांव में नुक्कड़ सभा लेकर कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी नीलम साहू के लिए समर्थन मांगा।विधायक ने निर्वतमान जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू के प्रयासों से स्वीकृत विकास कार्यों को ग्रामीणों के समक्ष रखते हुए बताया कि सर्व समाजों की चिंता करते हुए उन्होंने भवन निर्माण कराया है। विधायक ने कहा कि नीलम की जीत से विकास कार्य दोगुने रफ्तार से होंगे। इस दरम्यान गुलाब वर्मा, सोनुराम साहू, विधायक की धर्मपत्नी जयश्री साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मतगणना में धांधली की आशंका, पुनः गणना कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 की एक प्रत्याशी ने मतगणना में धांधली होने की आशंका व्यक्त करते हुए पुनः मतगणना कराने की मांग करते हुए रिटनिंग आफिसर रेणुका रात्रे के समक्ष आवेदन पेश किया है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 7 में नीतु धनकर, नीना ताम्रकर एवं रेखा पटेल उम्मीदवार थी।



इस क्षेत्र के अधीन देवपुरा, कोदवा, बुढासागर, कृतबास, लीमो एवं ढाबा ग्राम आते है। मतदान के बाद की गई मतगणना में धांधली किए जाने की शिकायत रेखा तोरन पटेल ने एसडीएम से किया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि मतगणना के दौरान अत्यधिक मतों को निरस्त करने एवं धांधली होने की आशंका पर मतगणना अभिकर्ता द्वारा विरोध करने पर व्यक्ति विशेष को सहयोग करने की नियत से उसके मतगणना अभिकर्ता को मतगणना स्थल से बाहर निकाल दिया गया था। उन्होंने मतपत्रों की पुनः जांच करते हुए नए सिरे से गणना कराने की मांग किया है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर के समक्ष भी आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके अलावा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अमितकुमार डेहरिया ने भी कलेक्टर को इस संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने पुनः गणना कराने की मांग पर त्वरित कार्रवाई करने कहा है।

## नवनिर्वाचितों को मिला प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद गांव गांव में जश्न का माहौल है। जीते प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मना रहे हैं वही पराजित प्रत्याशी अपनी चूक तलाश रहे हैं। कुछ पंचायत में पराजित प्रत्याशी जनादेश को स्वीकार कर जीते को बधाई देकर भाई चारे की मिसाल बने हुए है। ब्लाक मुख्यालय में बुधवार को एसडीएम रेणुका रात्रे, तहसीलदार नेहा ध्रुव, जनपद सीईओ रविकुमार पटेल ने सभी नवनिर्वाचित जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। सरपंच के बाद जनपद प्रतिनिधि निर्वाचित ज्योति जंघेल ने कहा कि पहले एक पंचायत क्षेत्र में विकास करने का मौका मिला था। अब जनपद क्षेत्र के विकास का मौका मिला है। खैरबना के जनपद सदस्य डोमार सिंह ने कहा कि उन्हे किसान, मजदूर, गरीब की सेवा करने का अवसर मिला है जिसे बखुबी पूरा करने का प्रयास करेंगे। ग्राम पंचायत चकनार की सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने कहा कि नर्मदा मंदिर के विकास को प्राथमिकता देते हुए गांव में पानी, सड़क, शिक्षा, आवास की समस्या को हल करने का प्रयास किया जाएगा। सड़क अतरिया की सोनम लोमश वैष्णव ने ग्रामीणों की परेशानी को प्राथमिकता से हल करने और शहरों जैसी सुविधा मुहैया कराने की बात कही।

### मंदिर का स्थापना दिवस 24 को

**डोंगरगढ़।** श्री राधाकृष्ण मंदिर में सभी सर्किल के यादवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर का स्थापना दिवस 24 फरवरी को मनाने एवं आदर्श विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधुर, उम्रदराज, विधवा, परित्यक्ता को पुनः गृहस्थी से जोड़ना तय किया गया। आगामी 24 फरवरी को स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाला जाएगा। इस दौरान 7 जोडे का आदर्श विवाह होगा। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसुदन यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

## वित्त मंत्री चौधरी से मिला चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर बजट से संबंधित सुझाव दिए। चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने सुझाव ज्ञापन सौंपकर पारंपरिक बाजारों के जीर्णोद्धार हेतु उचित कदम उठाने की मांग की। सभी जिलों में रायपुर के डूमरतराई और बिलासपुर के व्यापार विहार की तर्ज पर थोक बाजारों का निर्माण करने, रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कोरिडोर का त्वरित निर्माण, नवीन फुटकर बाजारों का निर्माण, वन स्टेट वन लाइसेंस नीति लागू करने, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क निर्माण, आटो एक्सपो का आयोजन, यूजर चार्ज की विसंगतियों को दूर करने, चेम्बर के प्रदेश कार्यालय के लिए रायपुर में रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने, मंडी शुल्क समाप्त करने, इंश्योरेंस पेंशन संबंधी नीति बनाने, सभी जिलों में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना करने की मांग रखा।

## विकास एवं सुविधा मुहैया कराने प्रतिनिधि कटिबद्ध



**सड़क अतरिया।** साल्हेवारा वनांचल से पहली बार निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हेमलता मंडावी ने समाज एवं ग्रामीण मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि वनांचल का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

सभी गांव में मुलभुत सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार एवं रोजगार पर बल दिया है। इस क्षेत्र के 19562 मतदाताओं ने मतदान किया था। हेमलता मंडावी को 10777 तथा केकती मेरावी को 7324 मत मिले थे। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से करीब 1600 मतों से दूसरी बार निर्वाचित निर्मला विजय वर्मा ने चोरडाधाम के विकास को प्राथमिकता देते हुए वनांचल में मूलभूत सुविधा का विकास करने की बात कही। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से करीब 4200 मत से दूसरी बार निर्वाचित प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने क्षेत्र के विकास के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही है। जिला पंचायत क्षेत्र 4 से ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाले विक्रांत सिंह ने क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण की मांग को पूरा करते हुए मूलभूत सुविधा को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने की बात कही है। क्षेत्र क्रमांक 5 में दो जिला अध्यक्ष के बीच से लगभग 1641 मत से विजयश्री का ताज पहनने वाले ललित चोपड़ा ने भी केन्द्र और राज्य के योजना का लाभ गरीब, मजदूर, किसान को दिलाने की बात कही।

## द्वितीय चरण के चुनाव में 84 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया के 116 ग्राम पंचायतों के 298 मतदान केन्द्रों में चार जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत तथा सरपंच व पंच पद के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

ग्रामीण मतदाताओं में मतदान के लिए गजब का उत्साह देखने को मिला। खासकर महिला मतदाताओं ने मतदान करने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिला मतदाता कतार में खड़े रहे और बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। छुरिया ब्लॉक निर्वाचन कार्यालय के अनुसार सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के अंतर्गत मतदान का 84 प्रतिशत मतदान है।

### महिला मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह



### बारात जाने के पहले दूल्हे ने किया मतदान

ब्लॉक के मतदान केन्द्र क्रमांक 193 घुपसाल कुमर्दा, लाटमेटा में बारात जाने के पहले दूल्हे राजा ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया।

### संवेदनशील मतदान केन्द्र का निरीक्षण

द्वितीय चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत छुरिया के संवेदनशील मतदान केन्द्र कल्लूबंजारी, गैन्द्राटोला, जोशीलमती, बेलरगोंदी, भोलापुर, पुर्रामटोला का निरीक्षण कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने किया।

### क्षेत्र क्र. 12 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण वैष्णव ने बढ़त बनाई

विकासखण्ड छुरिया के 298 मतदान केन्द्रों में मतदान के बाद मतों की गिनती जारी है, जहां चार जिला पंचायत क्षेत्रों से भाजपा एवं कांग्रेस के दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। देर रात खबर लिखे जाने तक जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैन्दाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा से लगभग 3 हजार मतों से बढ़त बनाई है। शेष अन्य बूथों की गिनती जारी है। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती बिरमबाई कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अश्वनी मंडलोई से लगभग 5 हजार मतों की बढ़त बनाई हुई है। हालांकि इन दोनों जिला पंचायत क्षेत्रों के कुछ बूथों के परिणाम आने अभी शेष है।

### आचार संहिता के दौरान राशि का आहरण

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत बुढासागर में पूर्व सरपंच बिहारी पटेल एवं सचिव द्वारा वर्ष 2019-20 में आचार सहिता लागू होने के दौरान 2.17 लाख आहरण करने की शिकायत ग्राम के संथीर पटेल ने कलेक्टर एवं जनपद सीईओ से किया है। संथीर पटेल ने बताया कि 17 जनवरी 2020 को आचार संहिता लागू रहने के दौरान 2.17 लाख का आहरण किया गया था जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देखरेख के अभाव में सीसी रोड से उड़ रही धूल राहगीर परेशान



हरिभूमि बरबसपुर। ग्राम पंचायत दीजरी में शासन प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा 5-5 लाख रूपए की लागत राशि से सीसी रोड निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़ी हो रही है। सीसी रोड निर्माण के बाद से सीसी रोड पर पानी तराई नहीं होने के कारण सीसी रोड से धूल व दरारे पड़ने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व सीसी रोड में पानी की तराई नही होने के कारण सीसी रोड मजबूत नहीं होने के साथ-साथ दरार पड़ने की संभावना बनी हुई है।

### क्षेत्र के किसान चना फसल की कटाई में जुटे



हरिभूमि बरबसपुर। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह निवासी ग्रामीण किसान छवि वर्मा ने बताया कि खेतों में चना की फसल परिपक्त होकर तैयार हो चुके हैं, जिसकी कटाई मजदूर द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि क्षेत्र में चना फसल परिपक्त होकर तैयार तथा ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को रोजगार मिल रही है। जिससे ग्रामीण किसान व मजदूरों को रोजी-रोटी व आर्थिक लाभ मिल रहा है। वहीं दूसरे तरह किसानों के खेतों में हरा-भरा चना में फल-फूल भी लग रहे हैं और वही किसान खेतों में चने की फसल के खेतों में निदाई का कार्य जोरों से किया जा रहा है ताकि चना फसल बहुत जल्द परिपक्व होकर तैयार हो सके।

### राजनांदगांव रेंज में पुलिस आरक्षक भर्ती, 26 फरवरी से शुरू

हरिभूमि कवर्धा। जिला पुलिस बल आरक्षण संवर्ग भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत राजनांदगांव रेंज में भर्ती 26 फरवरी से शुरू होगी। भर्ती केन्द्र केकती बाड़ी मैदान आत्मानंद स्कूल के सामने छुई-खदान में आयोजित की जाएगी।पुलिस मुख्यालय से जारी प्रवेश पत्र में दर्ज तिथि के अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज जांच, शारीरिक माप और शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा।

## गांव का मुखिया चुनने मतदान केन्द्रों में लगी कतार, महिला मतदाताओं में दिखा जोश

# दूसरे चरण के निर्वाचन में विकासखंड पंडरिया व बोड़ला के मतदाताओं में भारी उत्साह, 75.39 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के दो विकासखंड पंडरिया और बोड़ला में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 20 फरवरी दूसरे चरण का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। जिले के विकासखंड पंडरिया और बोड़ला में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के दोनो विकासखंड में दोपहर 03 बजे तक 75.39 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पुरूष मतदाता 72.06 प्रतिशत और महिला मतदाता 78.66 प्रतिशत रहा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण के निर्वाचन में विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 72.81 प्रतिशत, पुरुष 68.85 प्रतिशत, महिला 76.77 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 78.69 प्रतिशत पुरुष 76.25 प्रतिशत, महिला 81.03 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के दूसरे चरण के निर्वाचन में कुल 2 लाख 49 हजार 615 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 लाख 18 हजार 321 और महिला मतदाता 1 लाख 31 हजार 294 शामिल है। पंडरिया विकासखंड में कुल 1 लाख 35 हजार 250 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 63 हजार 934 और महिला मतदाता 71 हजार 316 शामिल है। बोड़ला में कुल 1 लाख 14 हजार 365 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुष 54 हजार 387, महिला मतदाता 59 हजार 978 मतदाता शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि सुबह 09 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 16.20 प्रतिशत, पुरुष 16.04 प्रतिशत, महिला 16.37 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 15.83 प्रतिशत पुरुष 16.60 प्रतिशत, महिला 15.1 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 16.04 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 16.28 प्रतिशत और महिला मतदाता 15.80 प्रतिशत रहा। सुबह 11 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 32.04 प्रतिशत, पुरुष 31.25 प्रतिशत, महिला 32.82 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 36.94 प्रतिशत पुरुष 36.31 प्रतिशत, महिला 37.56 प्रतिशत मतदान हुआ।

दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 34.19 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 33.45 प्रतिशत और महिला मतदाता 34.92 प्रतिशत रहा। दोपहर 01 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 53.21 प्रतिशत, पुरुष 49.67 प्रतिशत, महिला 56.74 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 57.93 प्रतिशत पुरुष 55.08 प्रतिशत, महिला 60.68 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 55.28 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 52.02 प्रतिशत और महिला मतदाता 58.49 प्रतिशत रहा।





### 95 वर्षीय चैतराम साहू ने किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति दिखाया समर्पण



हरिभूमि पंडरिया। लोकतंत्र में हर मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है और इसका जीवंत उदाहरण ग्राम पंचायत मैनपुरा में देखने को मिला। यहां 95 वर्षीय चैतराम साहू पिता ज्योद्धा राम साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था और जन जागरूकता का परिचय दिया। उम्र के इस पड़ाव पर भी मतदान का उत्साह चैतराम साहू की आयु भले ही 95 वर्ष हो, लेकिन मतदान को लेकर उनका जोश किसी युवा से कम नहीं था। मतदान केंद्र पर पहुंचते ही उन्होंने सहजता से मतदान किया और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र में हर नागरिक का योगदान बहुमूल्य है। श्री साहू के मतदान ने न केवल वरिष्ठ नागरिकों बल्कि युवाओं को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। चैतराम साहू के मतदान को देखते हुए प्रशासन और मतदान केंद्र के अधिकारियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। उनके जज्बे ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र की नींव मजबूत करने में हर नागरिक की भूमिका अहम होती है। चैतराम साहू जैसे जागरूक मतदाता समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बन रहे हैं।

### ग्रापं रेंगखार कला में थर्ड जेंडर अंजरवा सिंह ने किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति जागरुकता का दिया संदेश



हरिभूमि बोड़ला। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिले के ग्राम पंचायत रेंगाखार कला, जनपद बोड़ला में एक अनोखी मिशाल देखने को मिली। जब थर्ड जेंडर अंजरवा सिंह ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। क्षेत्र में एकमात्र थर्ड जेंडर मतदाता के रूप में अंजरवा सिंह ने मतदान कर समाज में समावेशिता और समानता का संदेश दिया। मतदान के बाद अंजरवा सिंह ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि समाज में भागीदारी और अपनी आवाज बुलंद करने का माध्यम है। उन्होंने अन्य लोगों से भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। बोड़ला जनपद पंचायत क्षेत्र में अंजरवा सिंह का मतदान करना न केवल थर्ड जेंडर समुदाय बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है। यह दिखाता है कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति की भागीदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है और हर वोट की अपनी अहमियत है।

### लक्ष्मी बंजारे ने पहली बार मतदान कर ग्राम विकास की उम्मीद जताई



हरिभूमि कवर्धा। ग्राम मोहगांव निवासी लक्ष्मी बंजारे वर्तमान में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने इस बार अपने जीवन का पहला मतदान किया। पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद लक्ष्मी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा मेरा वोट ऐसे प्रतिनिधि के लिए है जो हमारे गांव का विकास करे और युवाओं के लिए बेहतर अवसर लाए। उन्होंने बताया कि गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है और वे चाहती हैं कि चुना गया प्रतिनिधि इन मुद्दों पर विशेष ध्यान दे।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बुजुर्ग महिलाओं सहित युवाओं में भारी उत्साह



हरिभूमि कोलेगांव। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में दूसरे चरण के मतदान में बुजुर्ग महिला सहित युवाओं नें भारी उत्साह के साथ मतदान किया। क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने-अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना मत का प्रयोग किया, ऐसे कई युवा तो पहली बार मतदान कर चेहरे खुशी से खिल उठें। क्षेत्र के मतदाताओं ने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के लिए मताधिकारी का प्रयोग किया।

### पूर्णिमा लांझी ने पहली बार लोकतंत्र के पर्व में निभाई सहभागिता



हरिभूमि कवर्धा। ग्राम कुसुमघटा निवासी पूर्णिमा लांझी ने अपने जीवन में पहली बार मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता निभाई। 19 वर्षीय पूर्णिमा वर्तमान में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, आज मतदान केंद्र क्रमांक 103 ग्राम कुसुमघटा में अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के बाद पूर्णिमा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करके मैं अपने अधिकार का उपयोग करने के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रही हूं। उन्होंने कहा कि हर युवा को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

## क्षेत्र में गन्ना फसल की कटाई-छटाई अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले में लगभग 400 से अधिक गुड़ फैक्ट्री संचालित होने वही दो सरकारी शक्कर कारखाना संचालित हो रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई छटाई का कार्य अंतिम चरण में जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री मालिकों द्वारा गन्ना फसल 470 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। वही शक्कर कारखाना में गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली कम पहुंचने के कारण कारखाना परिषर मैदान में सन्नाटा पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार एक ओर गन्ना फसल की कटाई छटाई अंतिम पड़ाव पर की जा रही है जिनके कारण से गुड़ फैक्ट्री में गन्ना फसल की कीमत 470 रुपए पार हो चुकी है वहीं दूसरे तरफ कारखाने में भी गन्ना की आवक बहुत कम हो चुके हैं। जिससे कारण ग्रामीण किसान अपनी हरा सोना गन्ना फसल की कटाई छटाई कर गुड़ फैक्ट्री ले जा रहे है वहीं अधिक आर्थिक राशि व मुनाफा कमा रहे है।

## पालकों को छात्र - छात्राओं के शैक्षणिक स्थिति की दी जानकारी

- छिरहा के शिक्षक नौ गांव के 213 छात्रों के घर गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व शिक्षकों की टीम ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के घर जाकर पालकों से चर्चा किया। शिक्षकों द्वारा बच्चों के अब तक के शैक्षणिक स्थिति के संबंध में बताने के साथ ही सुधार हेतु सुझाव भी दिए गए।

संस्था के प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने बच्चों के घरों में पहुंचकर पालकों से प्रत्यक्ष भेंट करते हुए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा के परिणामों के साथ ही उनके पाल्य की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत नौ गांव जिसमें बिरुटोला, छिरहा, जुनवानी, लिमो, बाघुटोला, नवागांव तिवारी, मगरदा, घोठिया व झलका के सभी 213 विद्यार्थियों के पालकों से उनके घर में संपर्क किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन घर में पढ़ने के लिए निर्धारित प्रातः 4 से 7 बजे तक तीन घंटे के समय में पढ़ाई के स्थिति की विस्तृत जानकारी लेकर विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग करने की सलाह दिया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षमित्र अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा घर के आंगन या बाड़ी में लगाए गए पौधों को देखकर आगे सुरक्षित रखने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। पालकों से संपर्क कार्यक्रम इसी माह फरवरी में प्रतिदिन शाम को किया गया, उनके बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को अपने घर में देखकर क्षेत्र के पालकों में प्रसन्नता का वातावरण देखा गया, प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों से उनके घर में जाकर मिलने का यह अभियान सन 2015 अर्थात विगत दस वर्षों से अनवरत जारी है। इस अभियान के माध्यम से बच्चों की पारिवारिक, आर्थिक स्थिति के साथ ही उनके घरों में पढ़ने के वातावरण को समझने का अवसर प्राप्त होता है।

### सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कवर्धा के तीन खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

कवर्धा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 68 वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल 14-वर्ष बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालिका वर्ग टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से वैनी पाटिल, श्रेया पाली, पूजा चंद्रवंशी एवं बालक वर्ग में शुभम सेन, सचिन कुल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था साथ ही बालिका टीम के मैनेजर के रूप में श्रुति ठाकुर को नियुक्त किया गया था जो 10 फरवरी को रायपुर के रेलवे स्टेशन से रवाना हुए थे। वहीं इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें बालिका वर्ग में तीन खिलाड़ियों ने सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीत कर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया। इसमें छत्तीसगढ़ बालिका टीम का पहला मैच जम्मू कश्मीर के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने जम्मू कश्मीर को 00-10, तेलंगाना 01-09 एवं चंडीगढ़ को 00-03 के स्कोर से हराकर पुल टॉपर बने और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किए जिसमे छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का सामना आंध्रप्रदेश के साथ हुआ इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से आंध्रप्रदेश को 00-07 के स्कोर से हराकर सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का सामना राजस्थान के साथ हुआ जो बहुत ही रोमांच भरा रहा इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने राजस्थान को अपने शानदार प्रदर्शन से 02-05 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का मुकाबला होम टीम महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमे दोनों टीमों के बीच बहुत ही कड़ा मुकाबला हुआ जिसमे आखिरी इनिंग में महाराष्ट्र की टीम ने हिट करके एक रन और बना लिए जिससे स्कोर 04-03 हुआ और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को रजत पदक से ही संतुष्ट होना पड़ा इसके साथ ही बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम ने अपने लीग के सारे मैच जीत कर सीधा क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां छत्तीसगढ़ बालक टीम का सामना महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमे महाराष्ट्र की बालक टीम ने अपने अच्छे प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और छत्तीसगढ़ की बालक टीम को इस प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।

## कवर्धा व स/लोहारा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 तक सारणीकरण के पश्चात परिणाम घोषित

# जिला पंचायत के नव-निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कवर्धा और सहसपुर लोहारा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 से 14 का सारणीरकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण 17 फरवरी को मतदान हुआ था। इसके बाद जिले के 06 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा व जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्वाचित श्रीमती सुमिंत्रा विजय पटेल, क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्वाचित कैलाश चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 11 से निर्वाचित बीरेन्द्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 से निर्वाचित रोशन दुबे, क्षेत्र क्रमांक 13 से निर्वाचित श्रीमती राजकुमारी राजेन्द्र साहू और क्षेत्र क्रमांक 14 से निर्वाचित ईश्वरी साहू को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षेत्र में बढ़ी पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित तालाब ग्रीष्म कालीन के पहले ही सुख जाने के कारण ग्रामीणो को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में पानी नहीं होने से निस्तारी व पशु-पक्षियों को पेयजल की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब में पानी नही होने के कारण ग्राम सारंगपुर खुर्द सुखे के चपेट में आ गई है। रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जन जीवन प्रभावित हो रही है। साथ ही साथ ग्रामीणों द्वारा दूर दराज से पेयजल की सुविधा हैंडपंप व बोर मोटर के माध्यम से किया जा रहा है। जिस ग्रामीणों ने जिम्मेदार तथा विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई, ताकि ग्रामीण रहवासियों को सुविधा तथा राहत मिल सके।

### सभी वर्गों के मतदाताओं का अच्छा खासा दिखा उत्साह, कतारबद्ध रहे मतदाता

# 80 फीसदी मतदान, रात तक पहुंचेंगी पार्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक में पहले चरण के त्रि-स्तरीय चुनाव के बाद खैरागढ़ ब्लॉक में दूसरे चरण के मतदान में सुबह से लोगों की भीड़ अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान केंद्र मे उमड़ पड़ी। बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं के साथ खासतौर से पहली बार वोट डालने पहुंचे लोगों में खासा उत्साह नजर आया। सुबह 9 बजे तक 21 फीसदी के आसपास वोटिंग हो गई थी। 11 बजे 40 प्रतिशत था। जबकि दोपहर एक बजे यह आंकड़ा 65 फीसदी से पार चला गया। जिसके चलते उम्मीद है कि मतदान का प्रतिशत 82 से 85 के बीच होगा।

ब्लॉक में 643 वार्ड पंच, 109 सरपंच, 25 जनपद सदस्यों और छह से लेकर दस क्षेत्र क्रमांक वाले 5 जिपं क्षेत्रों में मतदान हुआ। जिला प्रशासन द्वारा पहली बार हो रहे पंचायत निर्वाचन को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई थी। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए बकायदा रेंप सहित व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जबकि नए मतदाताओं के उत्साहवर्धन के लिए कई मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया था।

## प्रेक्षक, कलेक्टर सहित एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

जनपद पंचायत क्षेत्र में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य पद को लेकर जारी मतदान प्रक्रिया का प्रेक्षक आईएफएस मनिवासगन एस. ने मतदान केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल भी मौजूद रहे। निरीक्षण दौरान प्रेक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पेंड्रीकला, बढ़ईटोला, टोलागांव, सलगापाठ, खपरीसिदार, गाड़ाघाट और कुम्ही सहित विभिन्न पोलिंग बूथ में मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी व सुरक्षाकर्मियों से बात कर मतदान पूर्ण होने के पश्चात मतगणना कार्य समय पर प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।



## जिपं क्षेत्र एक से पांच के मतों का सारणीकरण बाद परिणाम घोषित

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत पहले चरण में छुईखदान खंड के पांच जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान पश्चात मतगणना और उसके खंड स्तरीय सारणीकरण बाद कलेक्टोरेट में रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत प्रेमकुमार पटेल द्वारा विजयी अभ्यर्थियों की विधिवत घोषणा कर निर्वाचन प्रमाण पत्र तैयार किया गया। जिसमें क्षेत्र क्रमांक एक साल्हेवारा से हेमलता मंडावी, क्षेत्र दो पैलीमेटा से निर्मला विजय वर्मा, क्षेत्र तीन कटंगी से प्रियंका खम्हन ताम्रकार, क्षेत्र चार भुरभुसी से विक्रांत सिंह और क्षेत्र पांच उदयपुर से ललित चोपड़ा को निर्वाचित घोषित किया गया। घोषणा पश्चात उपस्थित निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया।

## शताक्षी सिंह चल रही आगे

पांच जिला पंचायत सदस्यों में बूथवार एजेंटो से मिली जानकारी के अनुसार ज्यादातर में भाजपा अधिकृत बढ़त बनाए हुए हैं। क्षेत्र क्रमांक छह पांडादाह में भाजपा अधिकृत दिनेश वर्मा निकटतम प्रतिद्वंदी विप्लव साहू से 800 मतों से आगे थे। क्षेत्र क्रमाकं सात मुढ़ीपार में भाजपा की लिमेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 9 बाजार अतरिया में जमुना नरेश कुर्रे दो हजार से ज्यादा मतो से, क्षेत्र क्रमांक 9 जालबांधा में पहली बार चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर रही पूर्व सांसद व विधायक देवव्रत सिंह की सुपुत्री शताक्षी सिंह भी दो हजार वोटों से आगे चल रही है।

## समय पर पहुंच गया था दल

विकासखंड के 114 ग्राम पंचायतों में पांच जगहों पर सरपंच का निर्वाचन निर्विरोध होने के चलते 109 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 17 सौ मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री के साथ बुधवार दोपहर तक वाहनों से रवाना किया गया था। जिनके मतदान केन्द्रों में पहुंचने की अधिकृत जानकारी भी निर्वाचन अधिकारियों को पहुंच गई थी। सुरक्षा के हिसाब से पुलिस, रिजर्व बल, वन विभाग के जवानों को तैनात किया गया। जबकि संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। 34 दलों को रिजर्व रखा गया था, लेकिन कहीं भी रिजर्व दल की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## विक्रांत ने गांव में किया मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में दूसरे चरण के मतदान में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिला पंचायत सदस्य विक्रांत सिंह ने सहसपुर बूथ में मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाइन में खड़े होकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सेवा, सुशासन और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए मतदान किया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनकर गांव-शहर को विकसित व समृद्ध बनाना है। क्षेत्र क्रमांक 10 ठेलकाडीह में भी भुनेश्वरी देवांगन अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से लगभग 150 वोट से आगे चल रही है। मिले रूझानों को देखने से पता चलता है कि नवगठित जिला पंचायत के दस सीटों में कांग्रेस के खाते मे पैलीमेटा सीट ही आई है। जबकि क्षेत्र क्रमांक 9 से कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से निर्दलीय मैदान में उतरी शताक्षी सिंह की जीत लगभग तय है।

# कांग्रेसी बूथों में पड़े ऐतिहासिक वोट, लीड में नम्रता सिंह

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला के हाई प्रोफेशनल माने जाने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमाक 6 से समाजसेवी व जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने चुनावी मैदान में तिलिस्मी रिकॉर्ड में पहुच गई है। क्षेत्र के आम लोगों के लिए हमेशा मदद के लिए तैयार नम्रता सिंह को जिला पंचायत के इस चुनाव में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस समर्पित बूथों से आम ग्रामीण मतदाताओं ने ताबड़तोड़ मतदान किया है। खबर लिखे जाने तक गणना में 7 हजार से ऊपर वोटों से नम्रता सिंह लीड पर रही।

उल्लेखनीय कि त्रि-स्तरीय चुनाव में आज दूसरे चरण को मोहला विकासखंड के तीन जिला पंचायत, 15 जनपद क्षेत्र तथा 57 ग्राम पंचायत में शांतिपूर्ण चुनाव संपादित कराया गया। पंचायती राज के इस चुनाव में जिलेवासियों की निगाहें और सरगर्मी जिला मुख्यालय मोहला जिला पंचायत क्षेत्र मे रही। यहां से भाजपा ने जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह को अपना अधिकृत जिला पंचायत प्रत्याशी घोषित कर चुनाव मैदान में उतारा है। इधर उनके



प्रतिद्वंद्वी चुनाव लड़ रही तीन महिला प्रत्याशी एक ही नाम धारित करती है, इसके साथ ही दो प्रत्याशियों के नाम के साथ ही सरनेम भी एक ही है। इन तीनों शकुन्तला में एक कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी और दो शकुन्तला निर्दलीय चुनाव लड़ी।

**3 सीटों पर दो में भाजपा**

मोहला विकासखंड के भीतर तीन जिला पंचायत सीटों पर देर रात तक चले मतगणना में प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक मोहला से नम्रता सिंह 7 हजार वोटो से लीड में रहने के साथ-साथ गोटाटोला क्षेत्र से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी लखन कलामे, वासडी क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नरसिंह भंडारी के आगे रहने की जानकारी प्राप्त हुई है।

**जिला अध्यक्ष की कुर्सी तक भाजपा**

भाजपा जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह के नेतृत्व में लड़े गए चुनाव में मानपुर विकासखंड से तीन सीटों पर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी भोजेश शाह मंडावी औंधी क्षेत्र तथा खडगांव से भाजपा प्रत्याशी रेखा कोठारी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई हैं। दूसरे चरण में मोहला विखं के भीतर नम्रता सिंह तथा लखन कलामे, नरसिंह भडारी परिणामों के मुताबिक भारी जीत के साथ भाजपा के तीन प्रत्याशी जीत के पायदान में हैं। तृतीय चरण का चुनाव अंबागढ़ चौकी विखं अंतर्गत चार जिला पंचायत क्षेत्र के लिए 23 फरवरी को चुनाव होना है। भाजपा के बेहतर प्रदर्शन से तय माना जा रहा है कि कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ पंचायती राज का गठन होगा।

## 25 को अंडी में परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ के ग्राम अंडी में आगामी 25 फरवरी को सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय यादव महाधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, नवनिर्मित यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं आदर्श विवाह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व अध्यक्षता जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष कंसुराम यादव करेंगे। विशेष अतिथियों में भावेश सिंह जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़, पद्मश्री फुलबासन यादव, केआर यादव, हरीश यादव, महेश यादव, राधे यादव आदि शामिल रहेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



12 ज्योतिर्लिंग

स्लीपर मात्र 15,500/

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)

19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशिः-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

बारहवां/पगड़ी रस्म

चलते-चलते न जाने कब वह राह मोड़ गया
बहुत दुःख हुआ कि वह मुस्कुराता चेहरा हमें हमेशा के लिए छोड़ गया।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि

श्री घनश्यामदास गांधी

अपनी सांसारिक यात्रा को पूर्ण करते दिनांक 10 फरवरी 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी, दिनांक 21 फरवरी
गंगा प्रसादी : दोपहर 12 बजे
गरुड़ पुराण विदाई : अपरान्ह : 3.30 बजे
पगड़ी रस्म : शाम 4 बजे
स्थान : श्री दिगंबर जैन संत निवास डोंगरगांव



जन्म 20.07.1960
स्वर्गवास 10.02.2025

शोक संतप्त

नारायणदास गांधी (पिता), सत्यनारायण गांधी (काका)

प्रदीप गांधी (पूर्व सांसद), भीखम, हरीश, तरुण, अरुण, अमीत, सुमीत (छोटे भाई), सागर (भतीजा)

दिनेश गांधी (पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव), महेश, जगदीश, राजीव (भाई), प्रतीश (पुत्र), हर्षद, दर्शन, अर्पित, ध्रुव, हितेश, प्रखर, लक्षित (भतीजे), तनुष (पौत्र)

गांधी परिवार, डोंगरगांव-राजनांदगांव

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025




# समीक्षा बैठक में बवाल, प्रत्याशियों ने कहाः हमें भाजपा, नहीं कांग्रेस नेताओं ने हराया

## भीतरघात पर भड़के प्रत्याशी, नेताओं पर निकाली भड़ास, बैठक में जमकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में हार की समीक्षा और प्रत्याशियों से शिकायतें सुनने आयोजित की गई समीक्षा बैठक के दौरान हारे हुए प्रत्याशियों ने जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने अपनी हार को लेकर गुटबाजी करने वाले कांग्रेस नेताओं पर हार का ठिकरा फोड़ा। पराजित प्रत्याशियों ने यहां तक कह दिया कि उन्हें भाजपा ने नहीं, बल्कि कांग्रेस नेताओं ने भीतरघात करके हराया है। बैठक के दौरान जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुआ और विवाद के साथ-साथ मारपीट की स्थिति निर्मित होती रही।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव में मेयर सहित 43 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों की करार हार के बाद कांग्रेस संगठन ने गुरुवार को सतनाम भवन में समीक्षा बैठक आहूत की थी। इस बैठक में राजनांदगांव शहर कांग्रेस के प्रभारी बृजेश शर्मा, गिरीश देवांगन, शाहिद भाई, धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुलबीर सिंह छाबड़ा, हेमा देशमुख, आसिफ अली सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में वार्ड चुनाव में जिन प्रत्याशियों की हार हुई, उन्होंने जमकर भड़ास निकाली। प्रत्याशियों का कहना था कि चुनाव में उन्हें वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कोई सहयोग नहीं मिला। कई बड़े नेताओं ने वार्ड में आकर निर्दलीय प्रत्याशियों की खुलेआम मदद भी की। यही नहीं उन्होंने यह भी कह दिया कि उसे भाजपा ने नहीं हराया है, बल्कि उन्हें कांग्रेस नेताओं ने खुलाघात कर नुकसान पहुंचाया है।

### मारपीट की स्थिति निर्मित

बैठक में वार्ड चुनाव हारने वाले एक प्रत्याशी के साथ कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के बीच मारपीट की भी स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि पराजित प्रत्याशी ने बैठक में जैसे ही उस कार्यकर्ता को बैठा देखा तो उन्होंने उसे बैठक से भी भगा दिया। इस बीच मारपीट जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी। बैठक में महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने कहा कि ईवीएम के सेट होने के कारण उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।



### वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखेंगे मामले

बैठक में बहुत सारी बातें सामने आई है, इसकी विस्तृत समीक्षा की है। सभी बातों को वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखकर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कुछ शिकायतें हैं। लिखित में शिकायत ली गई है। - **बृजेश शर्मा**, प्रभारी, शहर कांग्रेस

### वीडियो कराया डिलीट

कांग्रेस की समीक्षा बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने विवाद की स्थिति का वीडियो भी बनाया, जिसे डिलीट कराया गया। हार की समीक्षा करने पहुंचे कांग्रेस के आला नेताओं ने प्रत्याशियों को एक-एक कर बोलने का मौका दिया, लेकिन उनकी बातें बीच में ही रोकी जा रही थी। कांग्रेस के समीक्षा बैठक में शिकायत करने वाले प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं से लिखित में शिकायत मांगी गई है।

### माहौल बिगड़ता देख निकले नेता

समीक्षा बैठक के दौरान अपनी हार को लेकर कांग्रेस नेताओं पर आक्रोश व्यक्त कर रहे प्रत्याशियों के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए कांग्रेस के आला नेता बैठक से बाहर निकल गए। सूत्रों ने बताया कि बैठक को लेकर शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश डाकलिया और शहर जिला प्रभारी बृजेश शर्मा के बीच भी नोकझोंक हुई है।

### पूर्व महापौर पर हराने का आरोप

वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी के देवर ने कांग्रेस की पूर्व महापौर हेमा देशमुख और उनके पुत्र पर कांग्रेस प्रत्याशी को हराने का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामला बढ़ता देख शहर कांग्रेस प्रभारी को बीच-बचाव में उतराना पड़ा। हार से नाराज एक प्रत्याशी द्वारा पूर्व महापौर हेमा देशमुख और उनके पुत्र के खिलाफ बोर्ड लगाकर आक्रोश व्यक्त किया गया।

## सुबह से ग्रामीणों की उमड़ी मतदान केंद्रों में भीड़

# पोलिंग बूथों में लगी रही कतार 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में ग्रामीण मतदाताओं में मताधिकार को लेकर अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। अविभाजित जिले के तीन ब्लॉको में गुरुवार को हुए मतदान को लेकर सुबह से पोलिंग बूथों में मतदाताओं की कतार दिखाई दी। कई ऐसे भी बूथ रहे, जहां दोपहर तीन बजे के बाद भी वोटिंग हुई। अविभाजित जिले में करीब 80 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को राजनांदगांव जिले के छुरिया, मोहला-मानपुर-चौकी जिले के मोहला और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ ब्लॉक में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। अविभाजित जिले में जिला पंचायत सदस्य की 11 सीट, जनपद की 65, सरपंच की 284 और पंच की 2923 सीटों के लिए मतदान हुआ। मतदान को लेकर आज सुबह से ही गांवों में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। यहां सुबह से ही बूथों में मतदाताओं की कतार लगी रही। कुछ गांव में मतदान केंद्रों में लगी कतार के कारण दोपहर तीन बजे के बाद भी वोटिंग जारी रही। सूत्रों ने बताया कि खैरागढ़ ब्लॉक में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। वहीं राजनांदगांव में भी 85 फीसदी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया गया है। इधर मोहला ब्लॉक में भी 88 फीसदी मतदान होने की खबरें सामने आ रही है।



### महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

पंचायत चुनाव में महिला मतदाताओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकांश बूथों में पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की कतार ज्यादा दिखाई दी। तीनों जिले में महिला मतदाताओं द्वारा अधिक मतदान किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। महिलाओं की वोटिंग ही इस चुनाव में हार और जीत तय करेगी।

### नम्रता, किरण आगे

जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव आगे चल रहे है। वहीं मोहला सीट से जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह काफी बड़े अंतर के साथ लीड कर रही है। गोटाटोला जिला पंचायत सीट से लखन कलामे भी अपने प्रतिद्वंदियों से आगे चल रहे है। इधर खैरागढ़ जिले की जालबांधी सीट से शताक्षी सिंह आगे चल रही है।

### मतगणना के साथ छलका उत्साह

दोपहर तीन बजे तक मतदान निपटने के बाद करीब साढ़े तीन बजे से वोटों की गिनती का दौर शुरू किया गया। शाम होते ही गांवों में परिणाम भी सामने आने शुरू हो गए थे। मतगणना के बाद गांवों में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर उत्साह भी मनाया। कुछ गांवों में देर रात तक गिनती जारी होने से अभी तक विस्तृत परिणाम सामने नहीं आ पाए हैं।

### मतदान के बाद गिनती शुरू

मतदान प्रक्रिया निपटने के बाद देर शाम सभी मतदान केंद्रों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के वोटो की गिनती शुरू हो गई है। पंच एवं सरपंच पद की मतगणना के बाद देर रात को विजयी प्रत्याशियों के नाम सामने आये। कल 21 फरवरी को जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य सीटों के सारणीकरण के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे।

# जनपद की कुर्सी हथियाने जोड़-तोड़ की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिन जनपदों में चुनाव हो चुके हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, ऐसे में जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होने के लिए राजनीतिक दलों ने जोड़-तोड़ शुरू कर दी है, जहां जनपद सदस्यों से सतत संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बैठकें लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

ज्ञात हो कि मानपुर, राजनांदगांव एवं छुईखदान क्षेत्र में जनपद के लिए चुनाव संपन्न हो चुके हैं। परिणाम भी आ चुके हैं। इस इसके बाद आगे जनपद अध्यक्ष पद की कुर्सी पर काबिज होने के लिए राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशियों ने जीतकर आए जनपद सदस्यों से मेल-मुलाकात शुरू कर दी है। वहीं बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। जिससे रणनीति बेहतर बन सके।

**संवाद और बैठकों का दौर**

बताया गया कि भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी जनपद सदस्य निर्वाचित लोगों से संवाद एवं बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। रणनीति के तहत कई जनपद सदस्यों को पिकनिक टूर में ले जाने की भी तैयारियां की जा रही है। दूसरी ओर जनपद सदस्य निर्वाचित लोगों में भी इन दिनों व्यस्तता का आलम बना हुआ है।

# गांव की महिलाओं का हाथ पकड़ा, प्रधान पाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक की गुणवत्ता को सुधारने के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है। वहीं बच्चों की पिटाई करने वाले, स्कूल में शराब पीकर आने वाले, शाला आने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कड़ा एक्शन लेकर लगातार निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच गांव की महिलाओं पर बुरी नजर से छेड़छाड़ करने वाले एक प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई करते शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शासकीय प्राथमिक शाला खपरीचमार गांव में पदस्थ प्रधान पाठक राकेश कुमार जांगड़े के खिलाफ गांव की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच में लगातार गांव की महिलाओं पर बुरी नजर रखते हुए गांव की महिला का हाथ पकड़कर बुरी नियत से शारीरिक दुर्व्यवहार किया जाना पाया गया। अपने पदीय कर्तव्यों के पालन में अनुशासहीनता, अशिष्टता से कार्य करना, अशोभनीय कृत्य को प्रदर्शित करने के मामले में उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण सहिता अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया नियत किया गया है।

### शिक्षकों की अशोभनीय कृत्य पर लगातार कार्रवाई

शाला में शिक्षाकों के आचरण को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर बना हुआ है, कार्य में लापरवाही के साथ ही शिक्षकों के अशोभनीय कृत्यों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा लगातार मामलों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच उपरांत ऐसे शिक्षकों को निलंबित किया जा रहा है। इससे पहले भी एक शिक्षक द्वारा महिला समूह की महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने के मामले में शिक्षक को निलंबित किया गया था।






# आस्था के प्रतीक हैं ऊंची पहाड़ी पर विराजमान जटाशंकर महादेव

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के दक्षिण- पश्चिम दिशा में एक विशाल पर्वत है जहां जटाशंकर महादेव विराजमान है। यह पहाड़ी शिवलिंग का आकार लिए हुए प्रतीत होती है। ऊपर पहाड़ी में विशाल मैदान भी है जहां करीब 5000 लोग बैठ सकते हैं।

जन श्रुति है कि इस क्षेत्र में पुराने समय में महादेव के उपासकों निवास करते रहे हैं। यहां के लोग त्रिशूल मार्ग का अनुयाई थे। त्रिशूल मार्ग पर आस्था रखने वाले यहां बैठकर महादेव द्वारा बताए त्रिशूल मार्ग पर चलकर ज्ञानी, सिद्ध और शक्तिशाली बनते थे। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के स्व श्रीयुत भगोली आयुर्वेदिक जड़ी बूटिया की खोज में अपने साथियों के साथ बम्लेश्वरी पहाड़ी के आसपास जाया करते थे। उनका गाजमर्रा, कल्याणपुर से करीबी संबंध था।



एक दिन उनकी पत्नी ने सपना देखा कि पहाड़ी पर भगवान महादेव उन्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे रहे हैं। इस सपना के बारे में उन्होंने अपने पति को बताया। कुछ समय बाद सपना सच साबित हुआ। उस समय इस पहाड़ी में मंदिर नहीं था। इस घटना के बाद उनकी श्रद्धा बढ़ गई और वह यहां आकर शंभू के स्थान को पूजते रहे। वह कभी भी इस स्थान को प्रणाम किए बिना नहीं गुजरते थे। वह हर शिवरात्रि को यहां श्रीफल अर्पित करने आते थे। इस सिलसिले के उनके पुत्रों ने जारी रखा है। उनके पुत्र हर शिवरात्रि को यहां श्रीफल अर्पित करने आते हैं।

### मंदिर का निर्माण

जानकारी के अनुसार 1998 में शिक्षक बीडी दत्ता ने पर्वत के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया ग्रामीणों के सहयोग से पहाड़ी पर मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर के विकास हेतु जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट का गठन किया गया। यहां हर साल महाशिवरात्रि को लोगों का जमावड़ा रहता हैं। यहां के हर पत्थर में सांपो का आकृति देखने मिलती है। सावन में नागराज को साक्षात देखा जा सकता है। आशीष शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष इस पर्वत पर शिव भक्तों का रेला रहता है। लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भगवन शिव को फल अर्पित करते है। हर सोमवार को दर्शन करने जाने वाले अमित तुमने व घनश्याम यादव ने बताया कि शिव भक्तों का भीड़ यहां हमेशा रहती है।

# महिला से गाली-गलौज कर जड़ा थप्पड़, अपराध दर्ज

- महिला ने थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी थाना अंतर्गत किसी बात को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीडिता ने 19 फरवरी को ग्रामीणों के साथ थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता औंधी स्थित यादव होटल में बैठी थी, तभी नशे की हालत में आरोपी राजेश मेश्राम होटल में आकर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज करते थप्पड़ जड़ दिया। जिसका बीच-बचाव करने आए व्यक्ति को भी गाली-गलौज करने लगा।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर धारा 296, 115 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजेश मेश्राम की तलाश जारी है।




**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचनः जिले के विकासखंड पंडरिया और बोड़ला में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह**



दूसरे चरण के निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बड़ी संख्या में उमड़ी मतदाताओं की भीड़, पहली बार मतदान करने पहुंची युवक-युवती



बैगा महिलाओं में दिखी मताधिकार का उपयोग करने में भारी रूचि



सारे काम-काज छोड़ मतदान केन्द्र पहुंचकर निभाई अपनी जिम्मेदारी



त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने अपने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि चुनने के लिए बूथों में पहुंचते रहे इस दौरान चुनाव में युवाओं एवं महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

### महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान में बनेगा पिंक शौचालय: चंद्रप्रकाश

# पिंक टॉयलेट में रहेंगी हाईटेक सुविधाएं : नपाध्यक्ष चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ टॉयलेट देने के मकसद से कवर्धा शहर के विभिन्न स्थानों पर पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पूर्व से निर्मित सुलभ शौचालय का जीर्णोद्वार कर कायाकल्प किया जाएगा। उक्त बातें आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहर में निरीक्षण के दौरान बताया कि शहर में पिंक टॉयलेट तैयार किया जाना है, शहर की बड़ी उपलब्धि रहेगा। महिलाओं की सुरक्षा व उनके सम्मान को ध्यान में रखकर पिंक शौचालय का निर्माण होगा।

उन्होनें भारत माता व्यवसायिक परिसर के पास ट्राफिक प्लाजा के पीछे एवं यातायात थाना जैन धर्मशाला के बाजू स्थित रिक्त भूखण्ड में पिंक टॉयलेट निर्माण किए जाने की योजना है अभी वर्तमान में दो स्थानों का चयन किया गया है। आगामी दिनों में आवश्यकतानुसार स्थानों पर भी पिंक टॉयलेट निर्माण किया जाएगा। अभी दोनो स्थान का निरीक्षण कर उन्होनें अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु दिशा निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान पार्षद रिंकेश वैष्णव, पवन जायसवाल, दुर्गेश अवस्थी, दीपक सिन्हा, सौखी आहिरवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, उपअभियंता राजेश मिश्रा, विरेन्द्र नवघरे उपस्थित थें।

#### पुराने शौचालय का भी होगा कायाकल्प




नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी प्रतिदिन सुबह-सुबह अधिकारियों व पार्षदों के साथ वार्डो का दौरा कर रहे है। उन्होने दौरे के दौरान शहर विकास के लिए महत्तवपूर्ण निर्देश भी दे रहे है उन्होनें आज ट्रांसपोर्ट नगर, एकता चौक स्थित भारत माता व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुलभ शौचालय का जीर्णोद्वार कार्य किए जाने हेतु प्राक्कलन तैयार करने को कहा। कवर्धा शहर के प्रमुख मार्ग व ट्रांसपोर्ट नगर में शौचालय होने के कारण चारो ओर फेंसिंग कार्य, सुव्यवस्थित शौचालय हेतु सिस्टम, रेलिंग सहित अन्य सुविधाओं कों शामिल किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें शौचालय की सफाई व्यवस्था प्रतिदिन किये जाने एवं निर्धारित शुल्क ही पब्लिक से लिए जाने को कहा। शौचालय की समस्या हेतु किसी प्रकार की शिकायत ना आए इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखे। नपालिकाध्यक्ष ने बताया कि हर महिला हर दिन, स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे इस मकसद से नगर पालिका परिषद कवर्धा ने पहली बार शहर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस पिंक टॉयलेट में महिलाओं से संबधित सारी चीजें उपलब्ध रहेगी। अपनी तरह की यह अनूठी सुविधा महिलाओं और बच्चों के लिए स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षित मासिक धर्म सुनिश्चित करने के लिए, पिंक टॉयलेट में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और भस्मक सुविधा रहेगी। इनके बन जाने से महिलाओं के टॉयलेट की सालों पुरानी समस्या दूर हो जाएगी।

# नव-निर्वाचित जनपद सदस्य व सरपंचों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया



■ कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व जश्न का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण 17 फरवरी को हुए मतदान के बाद जिले के कवर्धा और सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के 50 जनपद सदस्य, 201 सरपंचों के सारणीकरण के बाद परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा गुरूवार को घोषित किया गया। कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी ने 25 जनपद सदस्य, 105 सरपंच और सहसपुर लोहारा के रिटर्निंग अधिकारी ने 25 जनपद सदस्य, 96 सरपंच को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

**कवर्धा रिटर्निंग अधिकारी** परमेश्वर मंडावी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कवर्धा जनपद क्षेत्र का सारणीकरण के बाद निर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच का निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। रिटर्निंग अधिकारी कवर्धा ने बताया कि जनपद पंचायत कवर्धा के क्षेत्र क्रमांक 01 से पवन चंद्रवंशी, 02 से नीलाम्बर चंद्राकर, 03 से पूर्णिमा वर्मा, 04 से तीजन साहू, 05 विकास चंद्रवंशी, 06 से छैली सुरेन्द्र चंद्रवंशी, 07 से पिताम्बर चंद्राकर, 08 से गणेश तिवारी, 09 से लक्ष्मी तामेश्वर साहू, 10 से इंद्रासन अमर धुर्वे, 11 से सुषमा, 12 से सुषमा बघेल, 13 से रोशनी भरत साहू, 14 से तारणी भीषम पाण्डेय, 15 से शैल मनोज बंजारे, 16 से सुखमती रामचंद डाहिरे, 17 से रूपेश चंद्रवंशी, 18 से आनंद प्रकाश मिश्रा, 19 से स्वीटी पवन बंजारे, 20 से पोषण साहू, 21 से इन्दू बाई पटेल, 22 से रूपेन्द्र सिन्हा, 23 से मिनाक्षी आसकरण धुर्वे, 24 से अंजनी सुशील चंद्रवंशी और क्षेत्र क्रमांक 25 से मिथला मिथलेश बंजारे को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

सहसपुर लोहारा रिटर्निंग अधिकारी डॉ विवेक गोहिया ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्र का सारणीकरण के बाद निर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच का निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

रिटर्निंग अधिकारी सहसपुर लोहारा ने बताया कि जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र क्रमांक 01 से सरस्वती साहू, 02 से गणेश नेताम, 03 से शंभू पटेल, 04 से अशोक पटेल, 05 से सरस्वती रामचरण साहू, 06 से योगेश कुमार साहू, 07 से फुलेशर बाई साहू, 08 से आशा नेताम, 09 से लीला धनुक वर्मा, 10 से प्रमिला झारिया, 11 से रूबी वैष्णव, 12 से लक्ष्मी सोतन (बैतल) साहू, 13 से शेषनारायण, 14 से जीवन उत्तरा नेताम, 15 से दिनेश विश्वकर्मा, 16 से दुर्गा सिंह (निर्विरोध), 17 से सुदर्शन कुम्भकार, 18 से लक्ष्मी मनोज कौशिक, 19 से राजेश कौशिक, 20 से प्रतिमा साहू, 21 से रूखमणी खोमलाल कौशिक, 22 से राहुल साहू, 23 से द्रौपती मालिक राम पटेल, 24 से रूखमणी फुलदास पाटिल और क्षेत्र क्रमांक 25 से कुलदीप सिंह को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावी जंग में प्रत्याशियों ने पानी की तरह बहाया पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवा गोड़ान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हर जगह पैसे का जलवा दिखाई दिया, जिला पंचायत सदस्य के लिए जहां दलीय समर्थक प्रत्याशियों की ओर से पानी की तरह पैसा बहाया। वहीं सरपंच प्रत्याशी भी चुनाव जीतने के लिए खर्च के मामले में पीछे नहीं थे,बताया जाता है कि सरपंच बनने के लिए रातों-रात लाखों रुपए बांटे गए, ऐसी स्थिति में वार्ड पंच कहां पीछे रहते और वे भी हजारों में उतरकर चुनाव लड़ते देखे गए। कुल मिलाकर चुनावी दौर में बहुसंख्य मतदाताओं के घर चौतरफा धन वर्षा हुई। पिछले 15 दिनों से चुनावी दौर में ग्रामीण अंचल के पियक्कड़ों की खूब मौज रही। उनके लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी एटीएम जैसे हो गए थे। जब चाहो निकाल लो, एक से लेकर पिया हुआ उतरते ही दूसरे के पास जाकर डंके की चोट पर पीने से लेकर चखना तक का पैसा मांगना जैसे इनका विशेषाधिकार हो गया थे। गांवों में ऐसे बेवड़ो से सभी प्रत्याशी प्रायः बचने की फिराक में रहते क्योंकि जिस प्रत्याशी से इनके पीने-खाने का जुगाड़ होता उसकी तो जिंदाबाद के नारे लगाकर जय-जयकार करते, लेकिन जिससे नहीं मिला उसकी गांव भर में घूम-घूमकर कर तमाम बुराइयों का बखान करने लगते और उसकी मिट्टी पलीद करते हुए उसे सबसे खराब प्रत्याशी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ते। शायद इसी लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी इनको कुछ देकर पीछा छुड़ाना और मुंह बंद कराना उचित समझते थे और बेवड़ों ने इसी चुनावी मजबूरी का जमकर फायदा उठाया।




# एमएसएसी जुलॉजी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दुर्ग हेमचंद विवि ने अपने सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2024-25 का परिणाम जारी कर दिए है। इसमें एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर में 377 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 359 उत्तीर्ण हुए है। ओवर-ऑल परीक्षा परिणाम 95.23 प्रतिशत रहा। तृतीय सेमेस्टर में 339 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 325 उत्तीर्ण हुए है। इसका ओवरऑल परिणाम 95.87 प्रतिशत रहा। एमए राजनीति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर में 841 विद्यार्थी शामिल थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**न्यायालय कलेक्टर**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**// सूचना //**

राजस्व अपील प्रक. क्रं. ब/113 वर्ष 2023-24
ई कोर्ट क्रमांक-202401080200021
(छ.ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 4(5) के तहत अपील)

पक्षकार-संतोष दास वैष्ण गुरू स्व. मंहत खुमानदास, पुजारी राधाकृष्ण मठ मंदिर वार्ड नं.12 कवर्धा, जिला-कबीरधाम छ.ग.

दावा 1. नरेन्द्र दास शिष्य गुरू हरिदास, निवासी जमात मंदिर, जमातपारा राजनांदगांव छ.ग.

2. मोहित दास गुरू वैदेही दास, निवासी श्रीरामजानकी छोटे मंदिर पिपरिया जिला-कबीरधाम छ.ग.

एतद् द्वारा आपकों सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.03.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे न्यायालय कलेक्टर, जिला-कबीरधाम छ.ग. में होगी। उक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति आवश्यक है। अतः आप नियत दिनांक को स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

मुहर

अतिरिक्त कलेक्टर
जिला-कबीरधाम छ.ग.

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देखरेख के अभाव में सीसी रोड से उड़ रही धूल राहगीर परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम पंचायत दौजरी में शासन प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा 5-5 लाख रूपए की लागत राशि से सीसी रोड निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़ी हो रही है। सीसी रोड निर्माण के बाद से सीसी रोड पर पानी तराई नहीं होने के कारण सीसी रोड से धूल व दरारे पड़ने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व सीसी रोड में पानी की तराई नही होने के कारण सीसी रोड मजबूत नहीं होने के साथ-साथ दरार पड़ने की संभावना बनी हुई है।

### क्षेत्र के किसान चना फसल की कटाई में जुटे



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह निवासी ग्रामीण किसान छवि वर्मा ने बताया कि खेतों में चना की फसल परिपक्त होकर तैयार हो चुके हैं, जिसकी कटाई मजदूर द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि क्षेत्र में चना फसल परिपक्त होकर तैयार तथा ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को रोजगार मिल रही है। जिससे ग्रामीण किसान व मजदूरों को रोजी-रोटी व आर्थिक लाभ मिल रहा है। वहीं दूसरे तरह किसानों के खेतों में हरा-भरा चना में फल-फूल भी लग रहे हैं और वही किसान खेतों में चने की फसल के खेतों में निदाई का कार्य जोरों से किया जा रहा है ताकि चना फसल बहुत जल्द परिपक्व होकर तैयार हो सके।

### राजनांदगांव रेंज में पुलिस आरक्षक भर्ती, 26 फरवरी से शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला पुलिस बल आरक्षण संवर्ग भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत राजनांदगांव रेंज में भर्ती 26 फरवरी से शुरू होगी। भर्ती केन्द्र केकती बाड़ी मैदान आत्मानंद स्कूल के सामने छुई-खदान में आयोजित की जाएगी।पुलिस मुख्यालय से जारी प्रवेश पत्र में दर्ज तिथि के अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज जांच, शारीरिक माप और शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा।

## गांव का मुखिया चुनने मतदान केन्द्रों में लगी कतार, महिला मतदाताओं में दिखा जोश

# दूसरे चरण के निर्वाचन में विकासखंड पंडरिया व बोड़ला के मतदाताओं में भारी उत्साह, 75.39 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के दो विकासखंड पंडरिया और बोड़ला में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 20 फरवरी दूसरे चरण का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। जिले के विकासखंड पंडरिया और बोड़ला में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के दोनो विकासखंड में दोपहर 03 बजे तक 75.39 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पुरूष मतदाता 72.06 प्रतिशत और महिला मतदाता 78.66 प्रतिशत रहा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण के निर्वाचन में विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 72.81 प्रतिशत, पुरुष 68.85 प्रतिशत, महिला 76.77 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 78.69 प्रतिशत पुरुष 76.25 प्रतिशत, महिला 81.03 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के दूसरे चरण के निर्वाचन में कुल 2 लाख 49 हजार 615 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 लाख 18 हजार 321 और महिला मतदाता 1 लाख 31 हजार 294 शामिल है। पंडरिया विकासखंड में कुल 1 लाख 35 हजार 250 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 63 हजार 934 और महिला मतदाता 71 हजार 316 शामिल है। बोड़ला में कुल 1 लाख 14 हजार 365 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 54 हजार 387, महिला मतदाता 59 हजार 978 मतदाता शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि सुबह 09 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 16.20 प्रतिशत, पुरुष 16.04 प्रतिशत, महिला 16.37 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 15.83 प्रतिशत पुरुष 16.60 प्रतिशत, महिला 15.1 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 16.04 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 16.28 प्रतिशत और महिला मतदाता 15.80 प्रतिशत रहा। सुबह 11 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 32.04 प्रतिशत, पुरुष 31.25 प्रतिशत, महिला 32.82 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 36.94 प्रतिशत पुरुष 36.31 प्रतिशत, महिला 37.56 प्रतिशत मतदान हुआ।

दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 34.19 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 33.45 प्रतिशत और महिला मतदाता 34.92 प्रतिशत रहा। दोपहर 01 बजे की स्थिति में पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 53.21 प्रतिशत, पुरुष 49.67 प्रतिशत, महिला 56.74 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 57.93 प्रतिशत पुरुष 55.08 प्रतिशत, महिला 60.68 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 55.28 प्रतिशत रहा। इसमें पुरूष मतदाता 52.02 प्रतिशत और महिला मतदाता 58.49 प्रतिशत रहा।





### 95 वर्षीय चैतराम साहू ने किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति दिखाया समर्पण



**हरिभूमि पंडरिया।** लोकतंत्र में हर मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है और इसका जीवंत उदाहरण ग्राम पंचायत मैनपुरा में देखने को मिला। यहां 95 वर्षीय चैतराम साहू पिता ज्योद्धा राम साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था और जन जागरूकता का परिचय दिया। उम्र के इस पड़ाव पर भी मतदान का उत्साह चैतराम साहू की आयु भले ही 95 वर्ष हो, लेकिन मतदान को लेकर उनका जोश किसी युवा से कम नहीं था। मतदान केंद्र पर पहुंचते ही उन्होंने सहजता से मतदान किया और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र में हर नागरिक का योगदान बहुमूल्य है। श्री साहू के मतदान ने न केवल वरिष्ठ नागरिकों बल्कि युवाओं को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। चैतराम साहू के मतदान को देखते हुए प्रशासन और मतदान केंद्र के अधिकारियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। उनके जज्बे ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र की नींव मजबूत करने में हर नागरिक की भूमिका अहम होती है। चैतराम साहू जैसे जागरूक मतदाता समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बन रहे हैं।

### ग्रापं रेंगखार कला में थर्ड जेंडर अंजरवा सिंह ने किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति जागरुकता का दिया संदेश



**हरिभूमि बोड़ला।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिले के ग्राम पंचायत रेंगाखार कला, जनपद बोड़ला में एक अनोखी मिशाल देखने को मिली। जब थर्ड जेंडर अंजरवा सिंह ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। क्षेत्र में एकमात्र थर्ड जेंडर मतदाता के रूप में अंजरवा सिंह ने मतदान कर समाज में समावेशिता और समानता का संदेश दिया। मतदान के बाद अंजरवा सिंह ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि समाज में भागीदारी और अपनी आवाज बुलंद करने का माध्यम है। उन्होंने अन्य लोगों से भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। बोड़ला जनपद पंचायत क्षेत्र में अंजरवा सिंह का मतदान करना न केवल थर्ड जेंडर समुदाय बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है। यह दिखाता है कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति की भागीदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है और हर वोट की अपनी अहमियत है।

### लक्ष्मी बंजारे ने पहली बार मतदान कर ग्राम विकास की उम्मीद जताई



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम मोहगांव निवासी लक्ष्मी बंजारे वर्तमान में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने इस बार अपने जीवन का पहला मतदान किया। पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद लक्ष्मी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा मेरा वोट ऐसे प्रतिनिधि के लिए है जो हमारे गांव का विकास करे और युवाओं के लिए बेहतर अवसर लाए। उन्होंने बताया कि गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है और वे चाहती हैं कि चुना गया प्रतिनिधि इन मुद्दों पर विशेष ध्यान दे।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बुजुर्ग महिलाओं सहित युवाओं में भारी उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में दूसरे चरण के मतदान में बुजुर्ग महिला सहित युवाओं नें भारी उत्साह के साथ मतदान किया। क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने-अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना मत का प्रयोग किया, ऐसे कई युवा तो पहली बार मतदान कर चेहरे खुशी से खिल उठें। क्षेत्र के मतदाताओं ने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के लिए मताधिकारी का प्रयोग किया।

### पूर्णिमा लांझी ने पहली बार लोकतंत्र के पर्व में निभाई सहभागिता



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम कुसुमघटा निवासी पूर्णिमा लांझी ने अपने जीवन में पहली बार मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता निभाई। 19 वर्षीय पूर्णिमा वर्तमान में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, आज मतदान केंद्र क्रमांक 103 ग्राम कुसुमघटा में अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के बाद पूर्णिमा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करके मैं अपने अधिकार का उपयोग करने के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रही हूं। उन्होंने कहा कि हर युवा को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

## क्षेत्र में गन्ना फसल की कटाई-छटाई अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिले में लगभग 400 से अधिक गुड़ फैक्ट्री संचालित होने वही दो सरकारी शक्कर कारखाना संचालित हो रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई छटाई का कार्य अंतिम चरण में जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री मालिकों द्वारा गन्ना फसल 470 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। वही शक्कर कारखाना में गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली कम पहुंचने के कारण कारखाना परिषर मैदान में सन्नाटा पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार एक ओर गन्ना फसल की कटाई छटाई अंतिम पड़ाव पर की जा रही है जिनके कारण से गुड़ फैक्ट्री में गन्ना फसल की कीमत 470 रुपए पार हो चुकी है वहीं दूसरे तरफ कारखाने में भी गन्ना की आवक बहुत कम हो चुके हैं। जिससे कारण ग्रामीण किसान अपनी हरा सोना गन्ना फसल की कटाई छटाई कर गुड़ फैक्ट्री ले जा रहे है वहीं अधिक आर्थिक राशि व मुनाफा कमा रहे है।

## पालकों को छात्र - छात्राओं के शैक्षणिक स्थिति की दी जानकारी

- छिरहा के शिक्षक नौ गांव के 213 छात्रों के घर गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व शिक्षकों की टीम ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के घर जाकर पालकों से चर्चा किया। शिक्षकों द्वारा बच्चों के अब तक के शैक्षणिक स्थिति के संबंध में बताने के साथ ही सुधार हेतु सुझाव भी दिए गए।

संस्था के प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने बच्चों के घरों में पहुंचकर पालकों से प्रत्यक्ष भेंट करते हुए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा के परिणामों के साथ ही उनके पाल्य की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत नौ गांव जिसमें बिरुटोला, छिरहा, जुनवानी, लिमो, बाघुटोला, नवागांव तिवारी, मगरदा, घोठिया व झलका के सभी 213 विद्यार्थियों के पालकों से उनके घर में संपर्क किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन घर में पढ़ने के लिए निर्धारित प्रातः 4 से 7 बजे तक तीन घंटे के समय में पढ़ाई के स्थिति की विस्तृत जानकारी लेकर विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग करने की सलाह दिया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षमित्र अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा घर के आंगन या बाड़ी में लगाए गए पौधों को देखकर आगे सुरक्षित रखने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। पालकों से संपर्क कार्यक्रम इसी माह फरवरी में प्रतिदिन शाम को किया गया, उनके बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को अपने घर में देखकर क्षेत्र के पालकों में प्रसन्नता का वातावरण देखा गया, प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों से उनके घर में जाकर मिलने का यह अभियान सन 2015 अर्थात विगत दस वर्षों से अनवरत जारी है। इस अभियान के माध्यम से बच्चों की पारिवारिक, आर्थिक स्थिति के साथ ही उनके घरों में पढ़ने के वातावरण को समझने का अवसर प्राप्त होता है।

### सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कवर्धा के तीन खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

**कवर्धा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 68 वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल 14-वर्ष बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालिका वर्ग टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से वैनी पाटिल, श्रेया पाली, पूजा चंद्रवंशी एवं बालक वर्ग में शुभम सेन, सचिन कुल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था साथ ही बालिका टीम के मैनेजर के रूप में श्रुति ठाकुर को नियुक्त किया गया था जो 10 फरवरी को रायपुर के रेलवे स्टेशन से रवाना हुए थे। वहीं इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें बालिका वर्ग में तीन खिलाड़ियों ने सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक जीत कर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया। इसमें छत्तीसगढ़ बालिका टीम का पहला मैच जम्मू कश्मीर के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने जम्मू कश्मीर को 00-10, तेलंगाना 01-09 एवं चंडीगढ़ को 00-03 के स्कोर से हराकर पुल टॉपर बने और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किए जिसमे छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का सामना आंध्रप्रदेश के साथ हुआ इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से आंध्रप्रदेश को 00-07 के स्कोर से हराकर सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का सामना राजस्थान के साथ हुआ जो बहुत ही रोमांच भरा रहा इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने राजस्थान को अपने शानदार प्रदर्शन से 02-05 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का मुकाबला होम टीम महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमे दोनों टीमों के बीच बहुत ही कड़ा मुकाबला हुआ जिसमे आखिरी इनिंग में महाराष्ट्र की टीम ने हिट करके एक रन और बना लिए जिससे स्कोर 04-03 हुआ और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को रजत पदक से ही संतुष्ट होना पड़ा इसके साथ ही बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम ने अपने लीग के सारे मैच जीत कर सीधा क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां छत्तीसगढ़ बालक टीम का सामना महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमे महाराष्ट्र की बालक टीम ने अपने अच्छे प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और छत्तीसगढ़ की बालक टीम को इस प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।

### कवर्धा व स/लोहारा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 तक सारणीकरण के पश्चात परिणाम घोषित

## जिला पंचायत के नव-निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कवर्धा और सहसपुर लोहारा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 से 14 का सारणीरकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण 17 फरवरी को मतदान हुआ था। इसके बाद जिले के 06 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा व जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्वाचित श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्वाचित कैलाश चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 11 से निर्वाचित बीरेन्द्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 से निर्वाचित रोशन दुबे, क्षेत्र क्रमांक 13 से निर्वाचित श्रीमती राजकुमारी राजेन्द्र साहू और क्षेत्र क्रमांक 14 से निर्वाचित ईश्वरी साहू को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र में बढ़ी पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित तालाब ग्रीष्म कालीन के पहले ही सुख जाने के कारण ग्रामीणो को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में पानी नहीं होने से निस्तारी व पशु-पक्षियों को पेयजल की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब में पानी नही होने के कारण ग्राम सारंगपुर खुर्द सुखे के चपेट में आ गई है। रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जन जीवन प्रभावित हो रही है। साथ ही साथ ग्रामीणों द्वारा दूर दराज से पेयजल की सुविधा हैंडपंप व बोर मोटर के माध्यम से किया जा रहा है। जिस ग्रामीणों ने जिम्मेदार तथा विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई, ताकि ग्रामीण रहवासियों को सुविधा तथा राहत मिल सके।

सभी वर्गों के मतदाताओं का अच्छा खासा दिखा उत्साह, कतारबद्ध रहे मतदाता

# 80 फीसदी मतदान, रात तक पहुंचेंगी पार्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक में पहले चरण के त्रि-स्तरीय चुनाव के बाद खैरागढ़ ब्लॉक में दूसरे चरण के मतदान में सुबह से लोगों की भीड़ अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान केंद्र मे उमड़ पड़ी। बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं के साथ खासतौर से पहली बार वोट डालने पहुंचे लोगों में खासा उत्साह नजर आया। सुबह 9 बजे तक 21 फीसदी के आसपास वोटिंग हो गई थी। 11 बजे 40 प्रतिशत था। जबकि दोपहर एक बजे यह आंकड़ा 65 फीसदी से पार चला गया। जिसके चलते उम्मीद है कि मतदान का प्रतिशत 82 से 85 के बीच होगा।

ब्लॉक में 643 वार्ड पंच, 109 सरपंच, 25 जनपद सदस्यों और छह से लेकर दस क्षेत्र क्रमांक वाले 5 जिपं क्षेत्रों में मतदान हुआ। जिला प्रशासन द्वारा पहली बार हो रहे पंचायत निर्वाचन को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई थी। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए बकायदा रेंप सहित व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जबकि नए मतदाताओं के उत्साहवर्धन के लिए कई मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया था।

## प्रेक्षक, कलेक्टर सहित एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

जनपद पंचायत क्षेत्र में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य पद को लेकर जारी मतदान प्रक्रिया का प्रेक्षक आईएफएस मनिवासगन एस. ने मतदान केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल भी मौजूद रहे। निरीक्षण दौरान प्रेक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पेंड्रीकला, बढ़ईटोला, टोलागांव, सलगापाठ, खपरीसिदार, गाड़ाघाट और कुम्ही सहित विभिन्न पोलिंग बूथ में मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी व सुरक्षाकर्मियों से बात कर मतदान पूर्ण होने के पश्चात मतगणना कार्य समय पर प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।



## जिपं क्षेत्र एक से पांच के मतों का सारणीकरण बाद परिणाम घोषित

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत पहले चरण में छुईखदान खंड के पांच जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान पश्चात मतगणना और उसके खंड स्तरीय सारणीकरण बाद कलेक्टोरेट में रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत प्रेमकुमार पटेल द्वारा विजयी अभ्यर्थियों की विधिवत घोषणा कर निर्वाचन प्रमाण पत्र तैयार किया गया। जिसमें क्षेत्र क्रमांक एक साल्हेवारा से हेमलता मंडावी, क्षेत्र दो पैलीमेटा से निर्मला विजय वर्मा, क्षेत्र तीन कटंगी से प्रियंका खम्हन ताम्रकार, क्षेत्र चार भुरभुसी से विक्रांत सिंह और क्षेत्र पांच उदयपुर से ललित चोपड़ा को निर्वाचित घोषित किया गया। घोषणा पश्चात उपस्थित निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया।

## शताक्षी सिंह चल रही आगे

पांच जिला पंचायत सदस्यों में बूथवार एजेंटो से मिली जानकारी के अनुसार ज्यादातर में भाजपा अधिकृत बढ़त बनाए हुए हैं। क्षेत्र क्रमांक छह पांडादाह में भाजपा अधिकृत दिनेश वर्मा निकटतम प्रतिद्वंदी विप्लव साहू से 800 मतों से आगे थे। क्षेत्र क्रमाकं सात मुढ़ीपार में भाजपा की लिमेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 9 बाजार अतरिया में जमुना नरेश कुर्रे दो हजार से ज्यादा मतो से, क्षेत्र क्रमांक 9 जालबांधा में पहली बार चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर रही पूर्व सांसद व विधायक देवव्रत सिंह की सुपुत्री शताक्षी सिंह भी दो हजार वोटों से आगे चल रही है।

## समय पर पहुंच गया था दल

विकासखंड के 114 ग्राम पंचायतों में पांच जगहों पर सरपंच का निर्वाचन निर्विरोध होने के चलते 109 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 17 सौ मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री के साथ बुधवार दोपहर तक वाहनों से रवाना किया गया था। जिनके मतदान केन्द्रों में पहुंचने की अधिकृत जानकारी भी निर्वाचन अधिकारियों को पहुंच गई थी। सुरक्षा के हिसाब से पुलिस, रिजर्व बल, वन विभाग के जवानों को तैनात किया गया। जबकि संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। 34 दलों को रिजर्व रखा गया था, लेकिन कहीं भी रिजर्व दल की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## विक्रांत ने गांव में किया मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में दूसरे चरण के मतदान में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिला पंचायत सदस्य विक्रांत सिंह ने सहसपुर बूथ में मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाइन में खड़े होकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सेवा, सुशासन और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए मतदान किया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनकर गांव-शहर को विकसित व समृद्ध बनाना है। क्षेत्र क्रमांक 10 ठेलकाडीह में भी भुनेश्वरी देवांगन अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से लगभग 150 वोट से आगे चल रही है। मिले रूझानों को देखने से पता चलता है कि नवगठित जिला पंचायत के दस सीटों में कांग्रेस के खाते मे पैलीमेटा सीट ही आई है। जबकि क्षेत्र क्रमांक 9 से कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से निर्दलीय मैदान में उतरी शताक्षी सिंह की जीत लगभग तय है।

# कांग्रेसी बूथों में पड़े ऐतिहासिक वोट, लीड में नम्रता सिंह

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला के हाई प्रोफेशनल माने जाने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमाक 6 से समाजसेवी व जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने चुनावी मैदान में तिलिस्मी रिकॉर्ड में पहुच गई है। क्षेत्र के आम लोगों के लिए हमेशा मदद के लिए तैयार नम्रता सिंह को जिला पंचायत के इस चुनाव में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस समर्पित बूथों से आम ग्रामीण मतदाताओं ने ताबड़तोड़ मतदान किया है। खबर लिखे जाने तक गणना में 7 हजार से ऊपर वोटों से नम्रता सिंह लीड पर रही।

उल्लेखनीय कि त्रि-स्तरीय चुनाव में आज दूसरे चरण को मोहला विकासखंड के तीन जिला पंचायत, 15 जनपद क्षेत्र तथा 57 ग्राम पंचायत में शांतिपूर्ण चुनाव संपादित कराया गया। पंचायती राज के इस चुनाव में जिलेवासियों की निगाहें और सरगर्मी जिला मुख्यालय मोहला जिला पंचायत क्षेत्र मे रही। यहां से भाजपा ने जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह को अपना अधिकृत जिला पंचायत प्रत्याशी घोषित कर चुनाव मैदान में उतारा है। इधर उनके



प्रतिद्वंद्वी चुनाव लड़ रही तीन महिला प्रत्याशी एक ही नाम धारित करती है, इसके साथ ही दो प्रत्याशियों के नाम के साथ ही सरनेम भी एक ही है। इन तीनों शकुन्तला में एक कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी और दो शकुन्तला निर्दलीय चुनाव लड़ी।

**3 सीटों पर दो में भाजपा**

मोहला विकासखंड के भीतर तीन जिला पंचायत सीटों पर देर रात तक चले मतगणना में प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक मोहला से नम्रता सिंह 7 हजार वोटो से लीड में रहने के साथ-साथ गोटाटोला क्षेत्र से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी लखन कलामे, वासडी क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नरसिंह भंडारी के आगे रहने की जानकारी प्राप्त हुई है।

**जिला अध्यक्ष की कुर्सी तक भाजपा**

भाजपा जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह के नेतृत्व में लड़े गए चुनाव में मानपुर विकासखंड से तीन सीटों पर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी भोजेश शाह मंडावी औंधी क्षेत्र तथा खडगांव से भाजपा प्रत्याशी रेखा कोठारी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई हैं। दूसरे चरण में मोहला विखं के भीतर नम्रता सिंह तथा लखन कलामे, नरसिंह भडारी परिणामों के मुताबिक भारी जीत के साथ भाजपा के तीन प्रत्याशी जीत के पायदान में हैं। तृतीय चरण का चुनाव अंबागढ़ चौकी विखं अंतर्गत चार जिला पंचायत क्षेत्र के लिए 23 फरवरी को चुनाव होना है। भाजपा के बेहतर प्रदर्शन से तय माना जा रहा है कि कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ पंचायती राज का गठन होगा।

## 25 को अंडी में परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ के ग्राम अंडी में आगामी 25 फरवरी को सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय यादव महाधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, नवनिर्मित यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं आदर्श विवाह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व अध्यक्षता जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष कंसुराम यादव करेंगे। विशेष अतिथियों में भावेश सिंह जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़, पद्मश्री फुलबासन यादव, केआर यादव, हरीश यादव, महेश यादव, राधे यादव आदि शामिल रहेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।




संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## बारहवां/पगड़ी रस्म

चलते-चलते न जाने कब वह राह मोड़ गया
बहुत दुःख हुआ कि वह मुस्कुराता चेहरा हमें हमेशा के लिए छोड़ गया।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि

# श्री घनश्यामदास गांधी

अपनी सांसारिक यात्रा को पूर्ण करते दिनांक 10 फरवरी 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी, दिनांक 21 फरवरी
गंगा प्रसादी : दोपहर 12 बजे
गरुड़ पुराण विदाई : अपरान्ह : 3.30 बजे
पगड़ी रस्म : शाम 4 बजे
स्थान : श्री दिगंबर जैन संत निवास डोंगरगांव



जन्म 20.07.1960 स्वर्गवास 10.02.2025

शोक संतप्त

**नारायणदास गांधी (पिता), सत्यनारायण गांधी (काका)**

प्रदीप गांधी (पूर्व सांसद), भीखम, हरीश, तरुण, अरुण, अमीत, सुमीत (छोटे भाई), सागर (भतीजा)

दिनेश गांधी (पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव), महेश, जगदीश, राजीव (भाई), प्रतीश (पुत्र), हर्षद, दर्शन, अर्पित, ध्रुव, हितेश, प्रखर, लक्षित (भतीजे), तनुष (पौत्र)

**गांधी परिवार, डोंगरगांव-राजनांदगांव**